तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 27 जून 2025

14 आपातकाल वो काला अध्याय है जो आज भी बुरे सपने ...



14 धरती आबा अभियान के अंतर्गत लेडारा में जनसेवा...






# भगवान जगन्नाथ को पिलाया गया काढ़ा, आज देंगे भक्तों को दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के राजापारा में स्थित जगन्नाथ मंदिर में जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारी जोर शोर से जारी है। रथ यात्रा 27 जून को सायं 4 बजे जगन्नाथ मंदिर से निकलेगी। रथयात्रा के एक दिन पहले 26 जून को हवन पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा कर भगवान जगन्नाथ को काढ़ा पिलाया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं को काढ़ा वितरण किया गया।

भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी श्री नरसिंह भगवान मंदिर समिति राजापारा के सचिव जगन्नाथ सिंह ने बताया कि आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को रथयात्रा पर्व मनाया जाता है। भगवान जगन्नाथ स्वस्थ होने के बाद भाई बदभद्र और बहन सुभद्रा रथ पर बैठकर अपनी मौसी के घर जाते हैं। वे अपनी मौसी के घर सात दिन रुकते हैं, इसके बाद वापिस आते हैं। राजापारा में स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में 27 जून को सायं 4 बजे रथयात्रा निकलने से पहले भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी के रथ पूजा एवं छेरा पोहरा रथ परिक्रमा होगी। उसके उपरांत भगवान श्रद्धालुओं को दर्शन देने के लिए शहर का भ्रमण करेंगे। रथयात्रा का प्रस्थान होगा और कम से कम 10 मिनट रथ ठहराव के स्थान पुलिस लाईन चौक मंदिर के पास, गांधी चौक, पुराना बस स्टैण्ड पीपल झाड़ के पास, हनुमान चौक, मांझापारा सिंध धर्मशाला के पास, कचहरी चौक, सेन चौक, काली मंदिर के पास, ऊपर नीचे रोड क्लब चौक से आमापारा कोठारी पेट्रोल पंप चौक, कचहरी चौक, गिल्ली चौक, गांधी चौक, मेडिकल स्टोर, राजापारा पुलिस लाईन, जैन मंदिर के पास होगा। रथ भ्रमण कर मौसी के घर टिकरापारा पहुँचेगा और भगवान को स्थापित कर 09 दिन पूजा अर्चना किया जाएगा।

## श्रद्धालुओं को सवा क्विंटल गजामूंग प्रसादी का होगा वितरण



### सवा क्विंटल गजामूंग प्रसादी का होगा वितरण

नगर में स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं के लिए लगभग सवा क्विंटल का गजा मूंग प्रसाद तैयार किया जा रहा है। जिसका वितरण शुक्रवार के दिन 27 जून को रथयात्रा के भ्रमण के दौरान दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### संविदा भृत्य पद के लिए जारी सूचीकी गई निरस्त

**कांकेर।** जिला पंचायत कार्यालय अंतर्गत रिक्त संविदा पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया था। दावा-आपत्ति उपरांत भृत्य के लिए जारी पात्र-अपात्र सूची को निरस्त किया गया है। जिला पंचायत के सीईओ ने बताया कि प्राप्त आवेदनों का पूर्व में गठित समिति के द्वारा नाम, पता, उम्र, शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव आदि का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। इसमें अनिवार्य योग्यता, अनुभव नहीं होने, पूर्ण दस्तावेज संलग्न नहीं करने, निर्धारित अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं होने के कारण अपात्र किए गए हैं। यदि किसी आवेदक को इस संबंध में किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो कार्यालयनी दिवस में 1 जुलाई तक कर सकते है।

### अपादा पीड़ित दो परिवारों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए डबरी-तालाब एवं कुंआ में डूबने से मृत्यु होने के दो प्रकरण में उनके आश्रितों को चार-चार लाख रुपएकी आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील भानुप्रतापपुर के ग्राम घोटिया निवासी 68 वर्षीय देवन्तीन की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने से उनके निकटतम आश्रित महेश्वर और कमलेश को चार लाख रूपए दिए जाएंगे। दुर्गुकोंदल तहसील के ग्राम हानपतरी निवासी 75 वर्षीय अंकालूराम की कुंआ में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित गांडाराम, गणेश एवं गनेश्वरी को संयुक्त रूप से चार लाख रूपए कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### शराब पिलाने वाला पकड़ाया

**कांकेर।** ग्राम झालोपारा करमोती में एक व्यक्ति कुछ लोगों को शराब पीने के लिए संसाधन मुहैया उपलब्ध कर रहा है। भानुप्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से इसकी जानकारी मिली। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत मौके पर टीम पहुँची और आरोपी दिलीप निषाद पिता प्रेम निषाद उम्र 35 वर्ष निवासी झालोपारा करमोती थाना भानुप्रतापपुर के पास से एक 01 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक पानी बॉटल में ▶▶| शेष पेज 12 पर

## अपराध : पुलिस ने धारा 151 के तहत 6 जुआरियों को भेजा गया जेल

# सरोना के पूर्व उपसरपंच सहित 6 जुआरी गिरफ्तार, दो कार एवं सात बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ नरहरपुर विकासखंड में जुआरियों के लिए बना हुआ है सेफ जोन

भिरौद नयापारा के जंगल में जुआ खेल रहे 7 जुआरियों को दबोचने में दुधावा पुलिस को सफलता मिली। कई जुआरी अंधेरा का फायदा उठाकर भाग जाने में कामयाब रहे। जुआ स्थल से दो कार और मोटर सायकल को भी जब्त किया गया। पुलिस ने जुआरियों से अन्य जुआरियों के बारे में पूछताछ करते हुए उनकी पतासाजी में जुट गई है। जानकारी के अनुसार दुधावा पुलिस को जानकारी मिली कि भिरौद नयापारा जंगल में तालाब के पास कुछ लोग जुआं खेल रहे है और कार व मोटर सायकल खड़ी है। दुधावा पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेते हुए बताए गए स्थल पर छापामार कार्यवाही किया। पुलिस को देखकर कई जुआरी वाहनों को छोड़कर नौ दो ग्यारह हो गए, वहीं जुआं स्थल से 6 जुआरियों को दबोचने में पुलिस को सफलता मिली। जुआं स्थल से मिले दो कार और सात बाईक के बारे में पुलिस छानबीन करने में जुटी हुई है। वाहन के मालिकों को बुलाकार पतासाजी किया जाएगा। पुलिस ने इन वाहनों को भी जब्ती दिखाया है, अब यह वाहन न्यायालय से ही छूट पाएंगे।



पुष्कर



कीर्तन



भुवनेश्वर



रवींद्र



जुआ स्थल से जब्त वाहन



मदन



पुरूषोत्म

### छह जुआरी पकड़ाए, कई जुआरी भाग गए

पुलिस ने जंगल में चल रहे जुआ को पकड़ने दबिश दी। जंगल होने के चलते केवल 6 जुआरी पकड़े गए। कांग्रेस पार्टी से जुड़े सरोना के पूर्व उपसरपंच 44 वर्षीय पुष्कर साहू पिता हिरामन साहू के अलावा सरोना निवासी 40 वर्षीय पुरुषोत्तम दास मानिकपुरी पिता पंचूदास, सरोना निवासी 23 वर्षीय रविन्द्र नायक पिता स्व. पीलाराम नायक, सरोना निवासी 28 वर्षीय भुनेश्वर धनकर पिता उत्तम धनकर, सरोना निवासी 31 वर्षीय कीर्तन साहू पिता शत्रुधन साहू, थाना सिहावा जिला धमतरी निवासी 35 वर्षीय मदन मरकाम पिता गोर्वधन मरकाम को दबोचा। जुआरियों के पास से नकद रुपए भी जब्त किया गया।

### जुआ फड में एक दर्जन जुआरी थे शामिल

दुधावा पुलिस चौकी प्रभारी योगेंद्र वर्मा ने बताया कि जुआ स्थल से दो नग कार आर्टिगा सीजी 20 जे 1451, होण्डा कार सीजी 04 एन-1748 के अलावा 07 मोटर सायकल क्रमांक 19 टी 5890, सीजी 05-5675, सीजी 19 बीजी 1749, सीजी 19 बीआर 7534, सीजी 05 एई 7540, सोल्ड सुपर स्पलेण्डर, सोला होण्डा साईन को जप्त किया गया। इससे यह तय है कि जुआं स्थल में कम से कम एक दर्जन से ज्यादा लोग फड़ में शामिल थे।

### कार्रवाई करने वाली टीम में ये रहे शामिल

उप पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर, थाना प्रभारी नरहरपुर निरीक्षक सुरेश राठौर, सहायक उप निरीक्षक छत्रपाल सिंह साहू, प्रधान आरक्षक गौतम बिसेन, प्रधान आरक्षक दिलीप साहू, आरक्षक रैन कुमार जैन, परमेश्वर नेताम, देवेंद्र नेताम, शिवप्रसाद नेताम, मिथलेश कोटपरिया, डोमेश नागेश, प्रमोद मरकाम, महेश कोरेटी, जोगेश कोमरा, गोपाल मरकाम, सैनिक चंद्रप्रकाश नेताम एवं कृष्णा वट्टी शामिल रहे।

## संबलपुर सोसायटी में खाद की कमी धान की पैदावार हो सकती है प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

मानसून के आगमन से ही किसान अपने खेती किसानी के कार्य में जुट गए है, लेकिन किसानों के अनुपात में उन्हें सोसायटी से पर्याप्त मात्रा में खाद नही मिल पा रहा है, जिससे विकासखण्ड के सैकड़ो किसान रोजना सोसायटी के चक्कर लगा रहे है। यह समस्या संबलपुर सोसायटी में देखने को मिली है। विपक्ष में बैठी कांग्रेस के विधायक नेता भी धरना प्रदर्शन कर घेराव कर रही है।

संबलपुर सोसायटी में लगभग 2 हजार से अधिक किसान है। खेती भूमि की बात करे तो 32 सौ हेक्टेयर से भी अधिक है। किसानों के अनुसार से 400 टन यूरिया खाद की आवश्यकता है, जबकि यूरिया 201 टन प्राप्त हुआ है एवं 200 शेष है। डीएपी खाद 300 टन की आवश्यकता है पर मात्र 88 टन ही प्राप्त हुआ है दव 200 टन से अधिक की आवश्यकता है। पोटास खाद 225 टन में मात्र 113 टन प्राप्त हुआ है, जबकि 100 टन की आवश्यकता है। एनपीके 100 टन की मांग है, जिसमें मात्र 30 टन भेजा गया है। किसानों ने बताया कि हर साल खाद की किल्लत सोसोयटी में बना रहता, जितनी मात्रा में खाद की आवश्यकता होती है, उतने मात्रा में खाद नही मिल पाते है। पर्याप्त मात्रा में खाद नही डालने से धान के पैदावार में कमी आ जाती है, आवश्यकता के अनुसार सोसायटी से खाद नही मिलने के कारण अधिक दामों पर बाहर से खाद लेना पड़ रहा है। सोसायटी में उपलब्ध खाद की कीमत डीएपी वजन 50 किलोग्राम मूल्य 1350 रुपए, यूरिया वजन 45 किलोग्राम मूल्य 266.50, पोटाश वजन 50 किलोग्राम मूल्य 1625 एवं सुपरफास्ट वजन 50 किलोग्राम 472 मूल्य है, लेकिन पर्याप्त मात्रा में खाद नही मिलने के कारण अधिक मूल्य पर किसानों को खाद खरीदना पड़ रहा है। बाजार में क्रृषि सेवा केंद्र में सभी खाद पर्याप्त मात्रा में भंडारण उपलब्ध है। सोसायटी से अधिक कीमत मनचाहा खाद आसानी से उपलब्ध हो जा रहा है। प्रभारी प्रबंधक सोसायटी ▶▶| शेष पेज 12 पर

# नया बाजार पखांजूर संगम चौक से सोहगांव पुलिया तक सड़क जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

परलकोट तहसील मुख्यालय में पहली मानसूनी बारिश ने सड़कों के

■ चलना हुआ मुश्किल



दावों की पोल खोल दिया है। संगम चौक से सोहगांव पुलिया तक जाने वाला रास्ता अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। पहली ही बारिश में सड़क पर बने गड्ढे पानी से लबालब भर गए हैं, जिससे सड़क का नामोनिशान मिट गया है। इस जर्जर मार्ग पर चलना खतरे से खेलने की स्थिति निर्मित हो गई है। इस सड़क पर चलने के लिए लोग डरने लगे है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क की हालत लंबे समय से खराब थी, लेकिन प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। आलम यह है कि बारिश के पानी से भरे गड्ढे दिखते ही नहीं, जिससे दोपहिया वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग इन छिपे हुए गड्ढों में गिरकर चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण भी पानी सड़क पर जमा हो जाता है, जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई है। दैनिक यात्रियों में रमेश कुमार ने बताया कि रोज इस रास्ते से गुजरना पड़ता है, लेकिन अब तो डर लगता है। गड्ढो का अंदाजा ही नहीं लगता और गाड़ी कभी भी डगमगा जाती है। छोटे ▶▶| शेष पेज 12 पर



## नशा मुक्त भारत पखवाड़ा पर नशे से बचाव व तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजन

**भानुप्रतापपुर।** 33 वीं वाहिनी सशत्र सीमा बल केवटी में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के समापन दिवस के अवसर पर नशे से बचाव एवं तनाव प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाहिनी के चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य चिकित्सा कर्मीयों ने नशे से दूरी बनाए रखने का सुझाव दिया। आयोजित कार्यशाला में कांसुलर इशरत बेगम, सीएचसी भानुप्रतापपुर मुकेश कुमार रात्रे एवं विश्वजीत कोतेहेवर फार्मासिस्ट्र सीएचसी केवटी के द्वारा कार्मिकों को नशा एवं तनाव से बचाव के लिए विभिन्न सुझाव दिया। उन्होंने बताया की सभी को अपने स्वस्थ्य एवं अपने सहयोगियों के प्रति भी सचेत रहने की अवश्यकता है। नशा स्वस्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है चाहे वह किसी भी प्रकार का हो। वर्तमान में विभिन्न प्रकार की दवाएं उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग नशे के रूप में किया जा रहा है। हमें अपने आस पास नशे के वितरण, व्यापार आदि को पहचान ▶▶| शेष पेज 12 पर

# हत्या के प्रयास में शामिल पांच आरोपी हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दो दिन पहले सात से आठ युवकों के द्वारा एक युवक के साथ मारपीट किया गया था, आरोपियों के द्वारा युवक की हत्या करने की नियत से पिटाई किया था। इस मामले में पाँच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार 25 मई को गिरफ्तार युवको ने शेख सिकंदर के साथ मारपीट किया था। मारपीट के शिकार हुए युवक को गंभीर चोट आने के कारण कांकेर जिला अस्पताल से हायर सेंटर रिफर किया गया। पुलिस ने इस मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज किया था और मामला गंभीर होने के चलते पुलिस मारपीट करने वाले युवकों की तलाश में जुट गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन पर, एएसपी दिनेश सिन्हा और एसडीओपी मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में कांकेर थाना की टीम का गठन किया गया और आरोपियों को जल्द पकड़ाने आदेशित किया गया। मामले की गंभीरत को देखते हुए कांकेर थाना की टीम ने सायबर सेल की मदद से आरोपियों की लोकेशन के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि इस मामले में 7 से 8 लड़को की बात सामने आई है, अन्य आरोपियों की भी तलाश किया जा रहा है। आरोपियों को जल्द दबोचा जाएगा।



### कार्यवाही में टीम यह रहे शामिल

आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर, प्रभारी सायबर सेल प्रेमप्रकाश अवधिया, उप निरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी, उप निरीक्षक रामेश्वर चतुर्वेदी, सउनि वेदन सलामे, सउनि चेतन साहू, प्रधान आरक्षक गीतेश्वर कुलदीप, प्रआर ओमप्रकाश कृषान, आरक्षक शक्ति सिंह एवं पेट्रोलिंग टीम की अहम भूमिका रही।

### पाँच आरोपियों को भेजा गया जेल

रूपेश कुमार रिगरी उर्फ राजा पिता शीतल रिगरी उम्र 24 वर्ष निवासी सिविल लाईन, विवेक भास्कर पिता स्व. सुकडु राम भास्कर उम्र 27 वर्ष निवासी सिंगारभाट, कुणाल टेकाम पिता निपेन्द्र टेकाम उम्र 26 वर्ष निवासी माहुरबंदपारा, प्रदीप काली पिता तपन ढाली उम्र 26 वर्ष निवासी जवाहरवार्ड, अमित कुमार नाग पिता सुंदर सिंह नाग उम्र 26 वर्ष निवासी एकता नगर ठेल्काबोड़ को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। मामला अजमानतीय होने से न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

## राजापारा से आज सायं 4 बजे निकलेगी भगवान जगन्नाथ प्रभु की यात्रा

# भगवान जगन्नाथ प्रभु की रथयात्रा से पूर्व विधायक ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भगवान जगन्नाथ प्रभु के रथयात्रा से पूर्व 26 जून को राजापारा स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से लेकर जगदलपुर रोड स्थित माँ संतोषी मंदिर तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। जय स्तंभ तिराहे पर बेजवह खड़े एक पोल को जेसीबी के माध्यम से हटवाया गया।

भगवान जगन्नाथ प्रभु के रथयात्रा से पूर्व राजापारा से लेकर मेन रोड तक सड़क किनारे उग आई जंगली झाड़ियों, पौधों को उखाड़कर, काट कर साफ किया गया साथ ही पूरे रोड में झाड़ू लगाकर सफाई किया गया। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि अपने घर सहित आसपास स्वच्छता रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इस सफाई अभियान के माध्यम से जनप्रतिनिधि होने के नाते लोगो को स्वच्छता का महत्व समझाना जरूरी है। मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा ने भी सफाई को लेकर जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण से तन मन भी स्वच्छ होता है। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के रथयात्रा से पूर्व रथयात्रा मार्ग की सफाई से रथ खींचने वाले श्रद्धालुओं को साफ सुथरा वातावरण मिलेगा। भक्तिमय माहौल में सफाई से भक्तों को भी अच्छा महसूस होगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष होने के नाते लोगो को स्वच्छ शहर बनाये रखने की हमारी जिम्मेदारी है इसलिये समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाते रहते है। पूर्व पार्षद अजय पप्पू मोटवानी ने कहा कि यह सफाई अभियान 12 माह चलता रहेगा। इस सफाई अभियान से श्रद्धालुओं को भी बेहतर वातावरण मिलेगा।





### इनकी रही भागीदारी

स्वच्छता अभियान में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, राजकुमार फब्यानी, रामचरण कोर्राम, संजय सिन्हा, गिरधर यादव, पन्ना ठाकुर, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, टिकेंद्र ठाकुर, मोहन नाविक, अरविंद चौहान, श्रवण चौहान, मीरा सलाम, चित्ररेखा जैन, संजय कुम्भकार, ईश्वर नाग, महेश ठाकुर सहित नगर पालिका कर्मचारी विरेन्द्र लोनहारे, संतु व अन्य सफाई कर्मचारियों तथा आम जनता स्वच्छता अभियान के भागीदार रहे।

# केंद्रीय विद्यालयों के क्षेत्रीय खेलकूद स्पर्धा में कांकेर के छात्रों ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

केंद्रीय विद्यालयों की 54 वीं केवीएस क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय कांकेर के छात्रों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए न सिर्फ विद्यालय का मान बढ़ाया, बल्कि कई का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है।

केंद्रीय विद्यालयों की 54 वीं केवीएस क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में कांकेर पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय की तीन छात्राओं लिशा बंजारे, आरुषि सिंह एवं वेदिता मरापी का चयन बॉलीवाल प्रतियोगिता में हुआ है। तवा-फेंक प्रतियोगिता (एथेलेटिक) में छात्रा पूर्वा साहू, शतरंज में छात्र शौर्य तिवारी, बॉक्सिंग में रुद्राक्ष चौबे का चयन हुआ। कबड्डी प्रतियोगिता में भी विद्यालय के छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय कांकेर के विद्यार्थियों ने इन तीन दिवसीय क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर कई खेलों में बेहतर प्रदर्शन किया है। चुनिंदा छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिताओंमें भाग लेने का अवसर ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### राइस मिल से 5 नाबालिग बालिकाएं की गई रेस्क्यू



**कोण्डागांव।** जिले में स्थित मजीशा एग्रो प्रोडक्ट राइस मिल में नाबालिक बालिकाओं को कार्य पर रखे जाने की सूचना मिलने पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्डलाइन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश दी। इस दौरान मिल में 5 नाबालिग बालिकाओं को कार्यरत पाया गया। यह कार्रवाई बाल श्रम निषेध कानून और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के तहत की गई। रेस्क्यू की गई सभी बालिकाओं को तत्काल बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस मामले में बालक एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 के तहत अभियोजन की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। न्यायालय द्वारा उक्त 3 संस्थान को 95000 रुपए जुर्माना से दण्डित किया है। वर्ष 2025 मे धारा 12 अंतर्गत बाल श्रम निषेध सूचना का प्रदर्शन नहीं करने पर 26 संस्थान के विरुध्द अभियोजन प्रस्तुत किया गया है।

### स्टंट करने वाले एक बाइक चालक पकड़ाया



**फरसगांव।** एन.एच.30 रायपुर फरसगांव मार्ग पर एक बाइक चालक द्वारा स्पोर्टस मोटर बाइक पर खतरनाक स्टंट कर अपना वीडियो बनाया जा रहा था। वीडियोअपने इस्टांग्राम आईडी में अपलोड किया जा रहा था। जिसकी जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के आदेशानुसार एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन व उप पुलिस अधीक्षक डॉ. भुवनेश्वरी पैकरा के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी कोण्डागांव एंव थाना प्रभारी फरसगांव द्वारा बाइक राइडर के इस्टांग्राम में अपलोड विडियों की जांच पडताल की गयी।

### शिविर में अब तक 888 हितग्राहियों का आधार पंजीयन

**कांकेर।** भारत सरकार द्वारा जनजातियों के विकास एवं उत्थान हेतु धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले में जन जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन कर शासन की विभिन्न योजनाओं से जनजातीय समुदायों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिले में आयोजित शिविर में अब तक 55 हितग्राहियों का नया आधार तथा 833 हितग्राहियों का आधार पंजीयन किया गया है। इस प्रकार कुल 888 हितग्राहियों का आधार पंजीयन किया गया है। जिसमें अंतागढ़ विकासखण्ड में 149, भानुप्रतापपुर में 64, चारामा में 110, दुर्गूकोंदल में 191, कांकेर में 106, कोयलीबेड़ा में 74 और नरहरपुर में 194 हितग्राही शामिल है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उक्त शिविर में जनजातीय समुदायों को पात्रतानुसार शासकीय योजनाओं का त्वरित लाभ दिलाने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# कोण्डागांव में विधायक लता ने नवप्रवेशी बच्चों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन आज कोण्डागांव के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। जिसमें बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

कार्यक्रम में विधायक सहित सभी अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत किया, साथ ही निःशुल्क गणवेश और पाठ्यपुस्तकें भी प्रदान कीं। इस अवसर पर सरस्वती साइकिल योजना के तहत 20 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल भी दी गईं।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांग बच्चों का सम्मान



### न्योता भोज का भी आयोजन हुआ

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने शाला प्रवेश उत्सव को जीवन का महत्वपूर्ण पल बताते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए गौरव की बात है कि विधायक सुश्री लता उसेंडी यहीं से पढ़कर इस मुकाम पर पहुंची हैं। उन्होंने बच्चों को रुचि के क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ मेहनत करने और हैंडराइटिंग सुधारने की सलाह दी। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल और पूर्व विधायक सेवक राम नेताम ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांग बच्चों को सम्मानित किया गया। अंत में न्योता भोज का आयोजन हुआ, जहाँ विधायक और कलेक्टर ने स्वयं बच्चों को भोजन परोसा। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जसकेतू उसेण्डी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे व शिक्षक उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को लर्न टुडे–लीड टुमारो का मंत्र दिया उसेंडी ने

*विधायक सुश्री लता उसेंडी ने विद्यार्थियों को लर्न टुडे–लीड टुमारो का मंत्र देते हुए बेहतर भविष्य के लिए ईमानदारी और मेहनत से आगे बढ़ने को कहा। उन्होंने बच्चों को अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह कहते हुए कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि ईमानदारी और मेहनत ही सफलता तक ले जाती है। उन्होंने बच्चों को शिक्षकों का सम्मान करने और उनके मार्गदर्शन में पढ़ाई कर स्कूल, परिवार और जिले का गौरव बढ़ाने की शुभकामनाएं दीं।*

**मांग : आंदोलनकारियों ने अस्पताल प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन**

# जिला अस्पताल में डॉक्टरों का शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन, ओपीडी सेवाएं ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिला अस्पताल के समस्त चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों ने 26 जून को एकजुट होकर बाह्य रोगी विभाग ओपीडी की समस्त सेवाएं बंद कर दीं। यह निर्णय अस्पताल प्रशासन को सौंपे गए एक गंभीर पत्र के आधार पर लिया गया। जिसमें अतिरिक्त कलेक्टर के व्यवहार को लेकर गहरी नाराजगी जताई गई थी।

■ अतिरिक्त कलेक्टर के व्यवहार को लेकर जताई नाराजगी

चिकित्सकों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि अतिरिक्त कलेक्टर ने समय-समय पर जिला अस्पताल के डॉक्टरों के साथ अपने कक्ष में दुर्व्यवहार किया। अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया और सेवा नियमों की अवहेलना करते हुए चिकित्सकों को निजी इलाज के लिए निवास पर बुलाया। डॉक्टरों का कहना है कि इस तरह के व्यवहार से



कार्यस्थल का माहौल तनावपूर्ण और असहज हो गया है।

हाल ही में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जयश्री साहू के साथ मामला घटित हुआ। जब वे अपने स्वास्थ्य कारणों से ट्रांजिट हॉस्टल के रिक्त कक्ष क्रमांक 8 के लिए आवेदन लेकर अतिरिक्त कलेक्टर के पास पहुँचीं। परंतु वहां उन्हें "दो कौड़ी के डॉक्टर" कहकर अपमानित किया गया। डॉक्टरों ने आरोप लगाया है कि एक महिला मरीज, जो खुद को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की धर्मपत्नी बताती हैं, ने भी रेडियोलॉजी विभाग के कर्मचारियों से दुर्व्यवहार किया।

चिकित्सा समुदाय ने स्पष्ट किया है कि वे अपने आत्मसम्मान और पेशेवर गरिमा से समझौता नहीं कर सकते हैं। जब तक अतिरिक्त कलेक्टर डॉ. जयश्री साहू से लिखित और सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, तब तक ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आपातकालीन सेवाएं भी बंद करने को विवश होंगे।

### तख्तियों पर लिखे नारे

*अस्पताल परिसर में आज शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें सभी चिकित्सक, स्टाफ नर्स और कर्मचारीगण शामिल हुए। उन्होंने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर "सम्मान नहीं, तो सेवा नहीं", "डॉक्टरों का अपमान, नहीं सहेगा नारायणपुर अस्पताल" जैसे नारे लगाए। इस विरोध के कारण स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ठप हो गई हैं। जिला अस्पताल में अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन की चुप्पी पर भी सवाल उठ रहे हैं कि मरीजों की इस गंभीर स्थिति के समाधान के लिए कोई त्वरित कदम क्यों नहीं उठाया गया।*

# बाजार की मांग के अनुरूप शिल्प में विविधता और नवाचार आवश्यक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत अपने एक दिवसीय दौरे पर कोण्डागांव पहुँचीं। इस दौरान उन्होंने जिले के बेलमेटल शिल्पकारों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुझाव लिए।

■ छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी ने किया कोण्डागांव दौरा

श्रीमती शालिनी राजपूत सबसे पहले शबरी एम्पोरियम पहुंचीं, जहां उन्होंने शिल्पकारों द्वारा निर्मित कलाकृतियों का निरीक्षण किया और उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ बाजार की मांग के अनुरूप शिल्प में विविधता और नवाचार लाना आवश्यक है। शिल्पकारों को डिजिटल माध्यम से प्रचार–प्रसार बढ़ाने और उत्पादों की बिक्री के लिए प्रदर्शनी में भाग लेने की सलाह दी गई। इसके अलावा, उन्होंने कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों से कार्यप्रणाली तथा सुधार की संभावनाओं पर भी चर्चा की। श्रीमती राजपूत ने शिल्पकारों की आय बढ़ाने और उनके बाजार पहुंच को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी मंच उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई।

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पी पंचुराम सागर, राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पी प्रदीप सागर, शब्बीर नाग, संतोष नाग के साथ ही बोर्ड मुख्यालय के मुख्य महाप्रबंधक शंकरलाल धुर्वे, कोण्डागांव प्रबंधक अनिरूध और अन्य कर्मचारी एवं शिल्पकार भी उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक विद्यालय भवन को फिर से शिक्षण कार्य के लिए सौंपने की मांग

**कोण्डागांव।** जनपद प्राथमिक शाला कोंडागांव के पूर्व विद्यार्थियों ने स्कूल भवन को पुनः शिक्षण कार्य के लिए सौंपने की माँग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जनपद प्राथमिक शाला कोंडागांव वर्ष 1911 से स्थापित एक ऐतिहासिक शिक्षण संस्था रही है। यह विद्यालय कोंडागांव क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करता रहा है। कुछ समय पूर्व इस विद्यालय के भवन को कन्या हाईस्कूल कोंडागांव के नवीन भवन निर्माण के कारण तत्कालीन प्रशासन द्वारा खाली कराया गया था। पूर्व आदेशों के अनुसार यह भवन केंद्रीय विद्यालय कोंडागांव को अस्थायी रूप से सौंपा गया था। किंतु अब केंद्रीय विद्यालय कोंडागांव को भवन खाली करने की सूचना दी गई है।

**भवन के गलत उपयोग पर जताई चिंता** – पूर्व छात्रों ने ज्ञापन में बताया कि यह ज्ञात हुआ है कि यह भवन अब नर्सिंग हॉस्टल कोंडागांव को सौंपे जाने की प्रक्रिया में है, जिससे स्थानीय विद्यार्थियों का भविष्य संकट में पड़ सकता है। तीन कमरों वाले वर्तमान भवन में शिक्षा



का संचालन मुश्किल है और छात्र संख्या के अनुपात में जगह की भारी कमी है। पूर्व छात्रों ने कलेक्टर से मांग की है कि जनपद प्राथमिक शाला कोंडागांव के भवन को पुनः विद्यालय संचालन हेतु जनपद प्राथमिक शाला प्रशासन को सौंपा जाए।

**ज्ञापन सौंपने के दौरान ये रहे मौजूद** – पूर्व छात्र अमन सागर, संगीत ध्रुव दीपक सुनील साहू, कान्ति साहू बृजेश ध्रुवमुष्कान बाई टेकाम प्रेमा बाई,महेश्वरी बाईमनीषा वर्मा,रिता अनिल आदि उपस्थित रहे। विधायक से पूर्व छात्र अमन सागर ने कहा कि हमारी मुख्य मांग है कि जनपद प्राथमिक शाला कोंडागांव के पुराने भवन को पुनः जनपद शिक्षण संस्थान को सौंपा जाए ताकि बच्चों को समुचित शिक्षा मिल सके।

# अचानक धरती फटी और बहने लगी जलधारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

गुरुवार सुबह अजीबो गरीब घटना हुई। एक फार्म हाउस में अचानक धरती फट गई और जलधारा फूट पड़ी। आसपास के खेतों में पानी भर गया, जिससे दर्जनों किसानों को नुकसान हुआ है। इस घटना से ग्रामीण हैरान हो गए और दहशत में आ गए हैं। यह घटना बकावंड विकासखंड के ग्राम राजनगर स्थित महेंद्र चंद्राकर कृषि फार्म में 26 जून को सुबह 8 बजे घटी। फार्म हाउस के एक हिस्से की जमीन अचानक धसक गई। धरती फटने से वहां 15 फीट गहरा और करीब 8 फीट चौड़ा गड्ढा हो गया। गड्ढे से जलधारा निकल आई। पानी इस विशाल गड्ढे से उपर बहने लगा और फार्म हाउस के आसपास के खेतों में भरने लगा। अभी भी उस गड्ढे से पानी लगातार निकल रहा है। लोग बताते है कि अचानक तेज पानी की फुहार आई और जमीन में करीब 15 फीट गड्ढा हो गया। क्षेत्र में 2 दिन से लगातार बरसात हो रही है। माना जा रहा है कि बारिश की वजह से यह घटना हुई है। अमूमन इस कृषि फॉर्म में मिर्ची केले अमरूद और कुछ स्थानीय सब्जियां उगाई जाती हैं। जलधारा से आसपास के खेतों में लगाई गई धान की फसल को नुकसान हुआ है। किसान चंदो चंद्राकर के खेत में मलबा जमा हो गया है और वहां लगी धान फसल को नुकसान हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज आवाज के साथ जमीन धंसी और पानी निकलने लगा।



# ग्रामीणों ने लगाया आरोप, 7 बच्चों का पिता स्कूल में रसोइए को पुलिस ने मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के भोपालपट्नम विकासखंड के नेशनल पार्क क्षेत्र का गांव ईरपागुट्टा के महेश कुड़यिम के मौत का मामला उलझ गया है। पुलिस ने मुठभेड़ में 7 नक्सलियों का शव बरामद होना कहा था। जिसमें महेश कुड़यिम को भी नक्सली बताया गया है। वहीं ग्रामीणों ने महेश को स्कूल का रसोइया और 7 बच्चों का पिता बताते हुए उसका वेतन हर माह भोपालपट्नम के बैंक में जमा होने की बात कही है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस नक्सली मुठभेड़ के बीच गांव का युवक महेश जो घर से मवेशी लाने के लिए निकला था, वह फंस गया। ग्रामीण कह रहे हैं कि पुलिस ने महेश को रस्सी से बांधकर जमीन में बिठाया था। बाद में उसे मार डाला गया। जब प्रेस नोट में नक्सली की पहचान में महेश का नाम 7 नक्सलियों में आया, तब गांव के युवाओं ने बीजापुर जाकर देखा महेश शामिल था। ग्रामीणों ने सीधा आरोप लगाया है कि उसे पुलिस ने मार डाला। अब गांव वाले चिंता जाहिर कर रहे है कि विधवा मां 7 बच्चों का पालन पोषण कैसे करेगी। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने विधायक लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में 8 सदस्यों का दल गठित किया है जो गांव जाकर मृतक ग्रामीण महेश कुड़यिम के परिजनों और ग्रामवासियों से भेंटकर रिपोर्ट देंगे। उन्होंने अविलंब जांच समिति को गांव जाने को कहा है।

■ पुलिस बरामद 7 शव को बता रही नक्सली, वहीं ग्रामीण कह रहे 6 नक्सली ,1 गांव का आदमी

■ कांग्रेस के 8 सदस्य का दल जांच करने जाएगा इरपागुट्टा गांव

### जिले में स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंः कलेक्टर

**कांकेर।** स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण का आयोजन भारत सरकार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की भी शुरुआत की गई है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण-2 के अंतर्गत घोषित ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों की स्थिति को सत्यापित करने एवं ओडीएफ प्लस मापदण्डों पर जिले की रैंकिंग करने के उद्धेश्य से स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि सर्वेक्षण के अंतर्गत प्रदेश में स्वच्छता पर किए गए कार्यों का मात्रात्मक एवं गुणात्मक मापदण्डों के आधार पर जिले की रैंकिंग की स्वतंत्र एजेंसी के द्वारा की जायेगी। उन्होंने जिले के सभी ग्रामों में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 मार्गदर्शिका में दिए गए निर्देशानुसार विस्तृत प्रचार-प्रसार करने हेतु अपने अधिनस्थ कार्यालय को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने कहा है तथा प्रत्येक दिवस की रिर्पोटिंग जिला पंचायत की स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण शाखा संध्या 4 बजे तक अनिवार्यतः करने के लिए भी निर्देशित किया है।

**3 जुलाई तक वैदिक आचार्य संपन्न कराएंगे 7 दिवसीय अनुष्ठान**

# मां छिंदवाली महाकाली मंदिर में पंच कुंडीय रुद्र चंडी महायज्ञ आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मां छिंदवाली श्री महाकाली सेवा समिति द्वारा मोतीतालाब पारा स्थित महाकाली मंदिर में रथ यात्रा के विशेष अवसर पर 27 जून से 3 जुलाई तक सात दिवसीय पंच कुंडीय रुद्र चंडी महायज्ञ आयोजित किया गया है। यह महत्वपूर्ण अनुष्ठान श्री महाकाली मंदिर की प्रतिस्थापना के 27 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किया गया है। संपूर्ण अनुष्ठान यज्ञ वैदिक आचार्य पं. हेमंत शर्मा और असम से आमंत्रित 11 पंडित दयाराम कटेल, अनुप शर्मा, गोविन्द घिमिरे, हरि घिमिरे, घनश्याम घिमिरे, हरेकृष्ण शर्मा, लखन दास, जय प्रकाश, हिरथ शर्मा,प्रियवर शर्मा के द्वारा विधि विधान से संपन्न होगा। उक्त

■ छिंद पेड़ के स्थान पर बना मां छिंदवाली श्री महाकाली मंदिर



बातें मां छिंदवाली श्री महाकाली सेवा समिति के अध्यक्ष एमआर निषाद, उपाध्यक्ष श्रीमती मुकुन्दनी ठाकुर, कोषाध्यक्ष हरीश साहू, सचिव कमल यादव एवं पंडित उत्तम शर्मा ने गुरूवार को मंदिर परिसर में आयोजित पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि यह महाकाली मंदिर जहां बना है, वहां पर एक छिंद का पेड़ हुआ करता था। वार्डवासी इस पेड़ में महाकाली का वास होने पर पूजा अर्चना करते रहे हैं और लोगों की मनोकामना भी पूरी होती थी।

जब वार्डवासियों के मन में महाकाली मंदिर निर्माण का विचार आया, तभी यह पेड़ अचानक सूख गया। 29 अप्रैल 1998 को अक्षय तृतीया के दिन मंदिर में महाकाली की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। तब से यह मंदिर हजारों भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। विगत 27 वर्षों से मंदिर में सैकड़ों भक्तों के नाम पर एक अखंड ज्योत शारदीय नवरात्र पर प्रज्वलित की जाती है। इस मंदिर प्रांगण में छत्तीसगढ़ की जानी-मानी पंडवानी गायिका पंडवानी गायिका पद्मश्री विभूषित श्रीमती तीजन बाई अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं। उन्होंने बताया कि महाकाली मंदिर प्रतिस्थापन के 27 वर्ष पूर्ण होने पर 27 जून से 3 जुलाई तक सात दिवसीय पंच कुंडीय रुद्र चंडी महायज्ञ आयोजित किया जाएगा।

### महायज्ञ के मुख्य यजमान

इस पंचकुंडीय रूद्र चंडी महायज्ञ के मुख्य यजमान प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, जिला पंचायत सदस्य बिलासपुर राजेंद्र धीवर, जिला पंचायत सदस्य रायपुर हरि शंकर निषाद, जगदलपुर के नितिन तिवारी, पुखराज राठी, डॉ. व्हीएल सोनी, वैदिक चंदन कारिया और श्रीमती विजयलक्ष्मी वर्मा हैं। पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल 3 जुलाई को महायज्ञ में शामिल होंगे।

### कलश शोभायात्रा आज

शक्रवार की सुबह 11.36 मिनट पर महादेव घाट से कलश शोभायात्रा प्रारंभ होगी, जो नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए छिंदवाली महाकाली मंदिर पहुंचेगी। दोपहर 3 बजे मंडप पूजन, उसके बाद चंडिका पाठ तत्पश्चात यज्ञ में आहुतियां शुरू होंगी।

## पेज 11 के शेष

### संबलपुर सोसायटी में...

सम्बलपुर आत्मा कल्लो ने बताया कि खाद के लिए आरओ दिया गया है, लेकिन समय पर खाद उपलब्ध नही हो पा रहा है। पर्याप्त मात्रा में खाद नही होने से किसानों को खाद बांटने में परेशानी हो रही है।

### शराब पिलाने...

देशी महुआ शराब लगभग 85 एमएल एवं 02 नग प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास जिसमें शराब की गंध आ रही थी, जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### नया बाजार पखांजूर...

बच्चों और बुजुर्गों के लिए तो यह रास्ता मौत का कुआं बन गया है। स्थानीय दुकानदारों का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है, क्योंकि ग्राहक खराब रास्ते के कारण आने से कतरा रहे हैं। जनता अब लोक निर्माण विभाग से सवाल पूछ रही है कि आखिर उनकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कब तक किया जाएगा। इस गंभीर समस्या पर विभाग की चुप्पी समझ से परे है और लोगों में भारी आक्रोश है। अब देखना यह है कि समाचार प्रकाशन के बाद विभाग नींद से जागेगा और संगम चौक से सोहगांव की पुलिया तक के इस जानलेवा रास्ते को दुरुस्त करेगा।

### केंद्रीय विद्यालयों के...

मिलेगा। इससे उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रशिक्षण एवं प्रतिस्पर्धा का अनुभव मिलेगा। विद्यालय के प्राचार्य राजू गोस्वामी एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर गर्व व्यक्त किया और उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया।

### नशा मुक्त भारत...

कर उसे रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी को नशे से दूर रखा जा सके। इस अवसर पर वाहिनी के चिकित्सा अधिकारी द्वारा भी जवानों को अपने स्वस्थ्य के प्रति सावधान रहने तथा नशे से दूरी बनाए रखने का सुझाव देते हुए कहा की यदि किसी भी कार्मिक को स्वस्थ्य से सम्बंधित कोई भी समस्या होती है तो तुरंत चिकित्सा शाखा या अपने साथी के मदद से सामने रखे, ताकि समस्या का उचित निवारण विशेषज्ञ के माध्यम से कराया जा सके।

## खबर संक्षेप

### मलेरिया मुक्त अभियान के 12 वें चरण का शुभारंभ

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का 12वां चरण शुभारंभ हुआ। इस अभियान के तहत जिले के प्रत्येक घर में स्वास्थ्य कर्मी और मितानिन दीदी पहुंचकर मलेरिया जांच की जा रही हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे घर पर आए स्वास्थ्य कर्मियों से अवश्य मलेरिया जांच कराएँ। मलेरिया रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर चिकित्सक के अनुसार गोली का पूरा डोज़ सेवन करें, घर के अंदर और आसपास साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें और घर के अंदर कीटनाशकों का नियमित छिड़काव अवश्य कराएँ।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान संचालित



**सुकमा।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत आज नगर पालिका परिषद सुकमा की टीम द्वारा जिला चिकित्सालय सुकमा में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस विशेष सफाई अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सब इंजीनियर सहित अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान के दौरान अस्पताल के वार्ड, गलियारों, परिसर व आस-पास के क्षेत्रों में गहन सफाई की गई। इस दौरान झाड़ू लगाकर, कचरा एकत्र कर परिसर को स्वच्छ बनाया और स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। इसके साथ ही आयुष स्पेशलिटी क्लीनिक सुकमा में भी स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के प्रतिनिधियों ने कहा कि अस्पताल जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक जगहों को स्वच्छ व संक्रमणमुक्त बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। स्वच्छता अभियान के माध्यम से नागरिकों में जागरूकता बढ़ेगी और स्वच्छता के प्रति सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित होगी।

### नशा निवारण जन-जागरूकता कार्यक्रम हुआ



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों एवं बालक बालगृह, बालिका बालगृह, समर्थ दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र बीजापुर एवं जिले के ग्राम पंचायतों में नशा निवारण जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें रैली, निबंध प्रतियोगिता, दीवार लेखन, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला एवं गीत-संगीत के माध्यम से नियमित रूप से जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही प्रत्येक दिन नशा से दूर रहने हेतु संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधीगण, ग्राम पंचायत के सरपंच, उप संचालक समाज कल्याण कमलेश कुमार पटेल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक कार्यकर्ता, फील्ड वर्कर, तथा स्कूल, कॉलेज के शिक्षणगण, एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## भावी पीढ़ी को सुरक्षा का महत्व जानना होगा: सांसद

# आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया संविधान हत्या दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

वर्ष 1975 में 25 जून के दिन तत्कालीन सरकार द्वारा सम्पूर्ण देश में आपातकाल इमरजेंसी लगाया गया था। इसके 50 वर्ष पूर्ण होने पर आज मुख्यालय के जिला ग्रंथालय में संविधान हत्या दिवस के तौर पर मनाया गया। इस दौरान जिले के मीसाबंदी और उनके परिजन को

■ एक-एक नागरिक के मौलिक अधिकार छीन लिए गए थे

सम्मानित किया गया, साथ ही आपातकाल पर परिचर्चा का भी आयोजन हुआ।

इस अवसर पर छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से 1975 के आपातकाल के दौर को रेखांकित किया गया। जिसका अतिथियों ने अवलोकन किया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर सांसद महेश सांसद तथा



क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। ग्रंथालय के सभागार में आयोजित परिचर्चा में सांसद ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां संविधान सर्वोपरि है। वर्ष 1975 में तत्कालीन सरकार द्वारा देशवासियों पर अचानक आपातकाल घोषित कर अपने राजनीतिक हितों को साधने की कोशिश की गई। सांसद ने बताया कि इसका विरोध करने वाले जनप्रतिनिधियों, देशवासियों और मीडिया संस्थानों की आवाज को दबाया गया तथा उन्हें जेल में डाल दिया गया।

भारत जैसे लोकतंत्र और प्रजातांत्रिक मूल्यों पर चलने वाला देश में 1975 में लोकतंत्र में बड़ा कुठाराघात कर आपातकाल लगाया गया था। देश में संविधान सर्वोच्च है नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों का पालन का अधिकार है इसे किसी सत्तासीन को रोकने का अधिकार नहीं है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस काले सच को सामने लाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य भावी पीढ़ी को लोकतान्त्रिक मूल्यों नागरिक सुरक्षा और संवैधानिक नैतिकता की सुरक्षा का महत्व से अवगत कराना है। ताकि वे अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति सचेत रहे। विधायक चैतराम अटामी ने भी आपातकाल को लोकतांत्रिक इतिहास का कलंक बताते हुए कहा कि तत्कालीन सत्ताधीशों ने अपने राजनैतिक स्वार्थों के लिए देश के जनता को अकथनीय कष्ट दिए और अब उनकी आज ऐसे ही मानसिकता के लोग लोकतंत्र को बचाने ही दुहाई देकर ओछी राजनीति कर रहे है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि देश की पुरानी पीढ़ी ने आपातकाल का वह भयावह दौर देखा है। जहां देश के एक-एक नागरिक के मौलिक अधिकार छीन लिए गए थे। वर्तमान में हमें ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा आपातकाल दौर के दो मीसा बंदी वरिष्ठ नागरिक मंगला देवी परगनिया तथा राधा देवी सुराना को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही इस अवसर पर आपातकाल पर आधारित वीडियो का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा छात्र, छात्राओं द्वारा रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एसडीएम मूलचंद चोपड़ा सहित गणमान्य नागरिक व स्कूली और कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## समाज की एकता, संस्कृति और संगठन को मजबूती प्रदान करने लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

धाकड़ समाज बस्तर संभाग की वार्षिक साधारण सभा बुधवार को समाज भवन गुचागुड़ा में संपन्न हुई। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, सदस्यों एवं विभिन्न जिलों से आए समाजजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप शामिल होकर धाकड़ समाज के संभाग कार्यालय जगदलपुर के लिए 15 लाख देने का घोषणा किया।

सभा का विधिवत शुभारंभ ग्राम सरपंच लक्ष्मी गोयल तथा धाकड़ समाज बस्तर संभाग के अध्यक्ष तरुण सिंह धाकड़, गजेंद्र सिंह धाकड़ जनपद सदस्य बस्तर, पूर्व सरपंच धर्म सिंह गोयल के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवी माता, भगवान राम एवं कुल देवता बलराम हलदार के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस सभा में बस्तर संभाग के समस्त 6 जिलों से पदाधिकारी, महिला-पुरुष सदस्य, बच्चे, युवा एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में समाज के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसे समाजजनों ने हर्ष और उत्साह के साथ स्वागत किया। समाज के संगठन को और सशक्त बनाने एवं सामाजिक विकास को लेकर गंभीर विचार-विमर्श किया। सभा में 1910 के भोमकाल आंदोलन में शहीद हुए धाकड़ वीरों एवं उनके परिजनों को माल्यार्पण कर समाज के परगना माजिया सहित कई वरिष्ठजनों को भी सम्मानित किया गया। साधारण सभा में सहमति से बस्तर संभाग एवं जिला पदाधिकारी नियुक्ति किया गया। जिसमें सुकमा जिला से शशि भूषण धाकड़ निवासी अमीरगढ़ और बीजापुर जिला से दिगंबर धाकड़ को बस्तर संभाग उपाध्यक्ष नियुक्ति किया गया। बस्तर जिला अध्यक्ष दयानिधि धाकड़ निवासी तुरपुरा कुमारगुड़ा को जिला अध्यक्ष नियुक्ति किया गया। पुरुष ,युवा वरिष्ठ महिला को शाल श्रीफल टॉवल और तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र कुमारी कविता धाकड़ पिता मनबहाल धाकड़ माता चम्पा धाकड़ जो दसवीं मे 95 प्रतिशत प्राप्त कर माता पिता गांव एवं समाज का गौरव बढ़ाया उसे समाज की और से साल श्रीफल और दो हजार पांच सौ रु. स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सभा में उपस्थित सभी जिलों के प्रतिनिधियों ने यह संकल्प लिया कि समाज के एकता, शिक्षा, संस्कृति और संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु मिलकर कार्य करेंगे। सभा का समापन सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में हुआ।

इस अवसर पर बस्तर धाकड़ समाज के संभाग अध्यक्ष तरुण सिंह धाकड़, उपाध्यक्ष योगेश्वर सिंह धाकड़, संग रक्षक गिरजानंद सिंह धाकड़, दयाराम धाकड़, तारा सिंह धाकड़, बलिराम धाकड़, कमलेश धाकड़, नरपति सिंह धाकड़, अजब सिंह धाकड़, जगत सिंह धाकड़, जय कुमार धाकड़, रूपए धाकड़, प्रेम सिंह धाकड़, बोगा राम धाकड़, मगल साय धाकड़ सहित समस्त धाकड़ परिवार भारी मात्रा मे उपस्थिति थे।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए टोल फ्री नम्बर जारी

**बीजापुर।** सरकार ने प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान हेतु उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पुलिस विभाग द्वारा टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1800-233-1905 जारी किया गया है, जो 24 घंटे और सप्ताह के सभी दिनों में सक्रिय रहेगा। इस हेल्पलाइन के माध्यम से राज्य का कोई भी नागरिक, अपने क्षेत्र में मौजूद संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों अथवा उनकी गतिविधियों के संबंध में सूचना सीधे पुलिस प्रशासन को दे सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, ताकि लोग बिना किसी भय के राष्ट्रहित में सहयोग कर सकें। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि देश की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार राज्य को घुसपैठियों और अवैध गतिविधियों से मुक्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एमएलबी में छात्राओं के साथ अब छात्र भी ले सकेंगे शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सन 1919 से संचालित ग्रीकसन शाला जो कालांतर में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के नाम से जाना जाने लगा में अब छात्राओं के साथ छात्र भी ले सकेंगे शिक्षा।

जानकारी देते प्राचार्या वंदना मदनकर ने बताया कि प्रारंभ से इस कन्या विद्यालय में सिर्फ लड़कियां ही पढ़ती आई हैं। अब यहां भी छात्रों को

■ महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में नई व्यवस्था

प्रवेश देने का निर्णय लिया गया है। इसके चलते जगदलपुर शहर के वे बच्चे जिन्हें नगर के ब्वॉयज स्कूलों में प्रवेश नहीं मिल पाता था वह एमएलबी में अपना एडमिशन करवा सकते हैं। इतना ही नहीं आसपास के गांवों के बच्चे भी यहां प्रवेश प्राप्त कर अपनी शिक्षा पूरी कर सकते हैं। नगर के विभिन्न स्कूलों में स्थान सीमित होने की वजह से कई बच्चों को सरगीपाल, बिलोरी, आसना जैसे



दूरस्थ स्कूलों में प्रवेश ले पढ़ना पड़ता था। वर्ष 2025-26 से छात्राओं के साथ-साथ छात्रों को भी प्रवेश दिया जा रहा है।

कक्षा 6 से 12 में विभिन्न संकाय कृषि कला, विज्ञान, गणित, वाणिज्य, गृह विज्ञान पढ़कर विभिन्न क्षेत्रों मे अपना करियर बना सकते हैं। इसके अलावा एनसीसी, एनएसएस, खेल स्काउट-गाइड एवं अन्य स्कूली क्रिया कलापों का भी बच्चे लाभ उठा सकते हैं। अब एमएलबी स्कूल में भी छात्रों को प्रवेश देने के निर्णय से पालकों में खुशी है और उन्होंने इस निर्णय का स्वागत किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जनवरी 2025 में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक नवा रायपुर में ली थी। बैठक में विभिन्न 20 बिंदुओं पर व्यापक चर्चा हुई थी, चूंकि जनवरी में नया शिक्षा सत्र शुरू नहीं हो पाया है।

## एनसीसी कैडेट को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर ब्लॉक के परचनपाल कन्या परिसर में बस्तर संभाग के 550 एनसीसी बालिका केडेट का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गर्ल्स बटालियन एनसीसी परचनपाल के कैंप कमांडेंट कर्नल सी.दास गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं डिप्टी कैंप कमांडेड लेफ्टिनेंट कर्नल अरुण कंडपाल व सूबेदार मेजर धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बस्तर संभाग के बस्तर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर के बालिकाएं सैन्य प्रशिक्षण ले रही हैं।

गुरुवार को जगदलपुर से पहुंचे चिकित्सा दल के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स को नशे के खतरों और इसके दुष्परिणामों के बारे में



जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त नशा मुक्ति के संकल्प दिलाए गए और नशीली दवाओं और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता फैलाई गई। जानकारी में बताया गया कि नशा करने से स्वास्थ्य सामाजिक और आर्थिक जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। इस दौरान एनसीसी कैडेट को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया और नशे में दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूक किया गया। इसके अलावा प्रथम दिन साइबर थाना के द्वारा साइबर क्राइम, बस्तर थाना के द्वारा पास्को एक्ट के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

सैन्य प्रशिक्षण में ड्रिल आर्मी भर्ती व अनुशासन में रहने की विभिन्न जानकारी प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान एनसीसी अधिकारी एएनओ व पीआई स्टाफ सहित कैडेट्स मौजूद रहे।





## बटालियन ने 180 रेडियो का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

241 बस्तरिया बटालियन केरिपु बल द्वारा 25 जून को ग्राम सेड़वा, थाना दरभा में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। जिसके अन्तर्गत बटालियन द्वारा दरभा, कामानार एवं सेड़वा गांव के वृद्धजनों, युवाओं एवं महिलाओं के बीच कुल 180 रेडियों का वितरण किया गया, जिसमे सेड़वा के अलावा कामानार एवं दरभा के स्थानीय एवं ग्रामीण लोगों ने उत्साहपूर्वक सिविक एक्शन प्रोग्राम में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हरविन्दर सिंह, कमाण्डेन्ट द्वारा किया गया और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि 241 बस्तरिया बटालियन में यहाँ के स्थानीय लोगों को भर्ती कर बनाया गया है और यह बटालियन नक्सलवाद को खत्म करने में अपनी अहम भूमिका निभा रही है, साथ ही यहां के लोगों के लिए समय-समय पर विभिन्न कौशल विकास प्रोग्राम का आयोजन व दैनिक जरूरत के सामानों की वितरण की जाती रही है।

241 बस्तरिया बटालियन एक मिशाल के रूप में है जो कि आने वाली युवा पीढ़ी के लिए लाभदायक सिद्ध होगी और युवाओं के बीच देश प्रेम की भावना को कायम रखेगी। इसी कड़ी में हरविन्दर सिंह कमाण्डेन्ट-241 बस्तरिया बटालियन द्वारा गांव वासियों को संबोधित करते हुए बताया की सुरक्षा बल और स्थानीय नागरिकों के बीच आपसी संबंध बढ़ाने के लक्ष्य को लेकर सिविक एक्शन प्रोग्राम किया जाता है।



## खबर संक्षेप



### रतेसरा में नशा उन्मूलन के लिए विद्यार्थियों ने निकाली रैली

**चारामा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय रतेसरा में स्वास्थ्य विभाग एवं इंडियन रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वधान में नशा मुक्त ग्राम अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन तस्करी निषेध दिवस पर जनजागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। इस अभियान में ग्राम पंचायत सरपंच कलिका गोटी, प्रधानपाठक सीताराम सलाम, ज्ञानेश्वरी नेताम, रामेश्वरी तारम, खिलेश सिन्हा, होमन ठाकुर, उमेश साहू, पुरुषोत्तम चंद्राकर के अलावा स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित रहा।

### घायलों के इलाज में अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही उजागर

**पखांजुर।** पखांजुर पुराना बाजार के पास हुए सड़क हादसे में पीव्ही 22 के तीन व्यक्ति दीपशीत हालदार, सुमित बैध, सागर सरकार और पीव्ही 45 के दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें आनन-फानन में स्थानीय नागरिकों द्वारा पखांजुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मरीजों के पहुँचने के समय अस्पताल में एक भी चिकित्सक नहीं थे। बीएमओ को काल करने के बाद उनके द्वारा भी लापरवाही पूर्ण जवाब दिया जाता रहा। परिजनों ने अस्पताल में चिकित्सक नहीं होने के चलते बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर ले गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ का स्थांतरण हो चुका है, परंतु विभाग के आला अधिकारी उन पर कार्रवई करने के बजाए बचाते रहे।

### आत्मानंद में आज मनाया जाएगा शाला प्रवेशोत्सव

**भानुप्रतापपुर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय भानुप्रतापपुर में आज 27 जून को सुबह 10 बजे शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। संस्था के प्राचार्य पीआर भारद्वाज एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान नें बताया कि इसके लिए नगर के प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिकों, नगर पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं समस्त पार्षदों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर रहेंगे।

## आयोजन : युवाओं को इतिहास से सीख लेने का दिया गया संदेश

# आपातकाल वो काला अध्याय है जो आज भी बुरे सपने की तरह जिंदा है : आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर





भाजपा मंडल नरहरपुर द्वारा सांस्कृतिक भवन में देश में आपातकाल लगाए जाने के 50 साल पूरा होने पर काला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि आपातकाल के समय भारतीय संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया था। इतना ही नहीं प्रेस की स्वतंत्रता को भी खत्म कर दिया गया और कई राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया था।

आयोजित कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि आपातकाल के समय कांग्रेस की सरकार रही और इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थी। तब देश में ऐसा तूफान उठा, जिससे हर एक भारतीय को जूझना पड़ा था। आपातकाल का वो काला अध्याय है जो आज भी लोगों के जहन में बुरे सपने की तरह जिंदा है। इतिहास भी उस काले अध्याय को अपने पन्ने से कभी मिटा नहीं सकेगा। पूर्व मंडल अध्यक्ष व पार्षद मुकेश संचेती ने बताया कि 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप कर देश के संविधान की हत्या कर दी थी। यह निर्णय किसी युद्ध या विद्रोह के कारण नहीं बल्कि अपने चुनाव को रद्द किए जाने और सत्ता बचाने की हताशा में लिया गया था। 50 साल बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है और उसकी नीयत आज भी वैसी ही तानाशाही वाली है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर ने भी अपना विचार रखा। कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण साहू, पुष्पा मंडावी, धनेश कौशिक, बलदेव ठाकुर, लेखराम साहू, हेमंत कौशिक, आसकरण ध्रुव, जयराम मरकाम, राधा किशन कौशिक, हेमंत साहू, आशा रावटे, मनोरमा साहू, उमा सिन्हा, हेम प्रभा कटबेर, नितेश मगेद्र आदि उपस्थित रहे।

## आपातकाल लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला था, जिसे भुलाया नहीं जा सकता : शालिनी



**सरोना।** आज से ठीक 50 वर्ष पूर्व देश के इतिहास का वह काला दिन था, जब लोकतंत्र को कुचलकर सत्ता की हनक में संविधान की हत्या कर दी गई थी। वर्ष 1975 में 25 जून को लगाए गए आपातकाल की याद में आज भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना द्वारा मंडी परिसर में संविधान हत्या दिवस के रूप में एक विस्तृत परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोकतंत्र रक्षक मीसाबंदियों को श्रद्धांजलि दी गई और युवाओं को इतिहास से सीख लेने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां संविधान सर्वोपरि है। उन्होंने 1975 में तत्कालीन सरकार द्वारा थोपे गए आपातकाल को लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला बताया और कहा कि सत्ता के मद में चूर होकर उस समय की सरकार ने न सिर्फ कानूनों की अनदेखी की, बल्कि न्यायालयों के आदेशों की भी अवहेलना की। उन्होने कहा कि सत्ता डगमगाई तो संविधान को कुचल दिया गया। उन्होंने बताया कि उस दौर में लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और आम नागरिकों की आवाज दबा दी गई। जेलों में बंद कर दिया गया, जबरन नसबंदी कराई गई और जनता के मौलिक अधिकारों को छीन लिया गया। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम ने कहा कि 1975 का आपातकाल लोकतंत्र को जकड़ने की एक क्रूर कोशिश थी।₹ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने इस काले अध्याय को फिर से सामने लाकर आने वाली पीढ़ियों को सच से रूबरू कराने का काम किया है। जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू और आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष जीवन नेताम सहित अन्य वक्ताओं ने संविधान की हत्या विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि यह दिवस केवल स्मरण का नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा की शपथ लेने का दिन है। उन्होंने कहा कि युवाओं को आपातकाल के वास्तविक इतिहास को जानना चाहिए ताकि वे कभी भी लोकतंत्र विरोधी ताकतों के झांसे में न आएं। आयोजित कार्यक्रम में मंडल महामंत्री कन्हैया नेताम, किशोर भास्कर, मंडल उपाध्यक्ष अशोक निषाद, संजय गोलछा, भागवत जैन, बिमतेश यादव, अरविंद भारती, कमलेश नेताम, संत यादव, पूर्व जनपद सदस्य चिंतामणि रामटेके, भारत निषाद, बैराग शोरी, रामरुखदेव यादव, राजेंद्र कश्यप सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

## भाजपा ने 1975 के काले अध्याय आपातकाल को किया याद , संविधान हत्या दिवस मनाया



**दुर्गुकोंदल।** भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल में कांग्रेस द्वारा 25 जून 1975 को थोपे गए आपातकाल संविधान हत्या दिवस के रूप में मंडल स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान की हत्या करते हुए आपातकाल की घोषणा की।

इस दौरान नागरिक स्वतंत्रता छीन ली गई, प्रेस पर सेंसरशिप थोप दी गई और विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया। न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर भी आघात हुआ उएवं लाखों लोगों ने अपनी आवाज उठाने की कीमत चुकाई। मंडल स्तरीय संगोष्ठी कार्यक्रम की मुख्य वक्ता जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आपातकाल लगाने से सभी मौलिक अधिकार निलंबित हो जाते हैं और ये अधिकार तब तक निलंबित रहते हैं जब तक आपातकाल समाप्त नहीं हो जाता। इसके परिणामस्वरूप, कार्यकारी अधिकारी इन अधिकारों के विरुद्ध कोई भी कदम उठा सकते हैं और उसके अनुसार कानून बना सकते हैं। आपातकाल का सबसे भयानक परिणाम विभिन्न लोकतांत्रिक अधिकारों का निलंबन है। इस दौरान कई क्रूर कानून बनाए गए, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए ख़तरा बन गए इसने नागरिक स्वतंत्रता पर प्रतिकूल प्रभाव डाला। भाजपा मंडल की बैठक में आपातकाल की निंदा की गई और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लगाए जाने की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि उनके पोते राहुल गांधी ने विदेशी धरती पर यह दावा करके देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई है कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है। आपातकाल की 50वीं बरसी पर आपातकाल स्वतंत्रता के बाद देश के इतिहास का एक काला अध्याय है। कार्यक्रम में बिदेसिंह कल्लो, टीकम टांडिया, पीलम नरेटी, शिरो कोमरे, अशोक जैन, विजय पटेल, सरपंच शकुंतला नरेटी, रामचंद्र कल्लो, नरोत्तम चौहान, संतो दुग्गा, मनीषा मंडावी, विकास राजु नायक, फूलसिंह मंडावी, धरमसिह मंडावी, सरपंच तुलसी मतलामी, सरपंच मुकेश कुमार नरेटी, दीपक पुडो, राजकुमार नेताम, योगेश कुलदीप सहित भाजपा नेता उपस्थित रहे।

## आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया संविधान हत्या दिवस



**भानुप्रतापपुर।** भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर के द्वारा आपातकाल विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया , उसमें बतलाया गया कि वर्ष 1975 में आज ही के दिन तत्कालीन सरकार द्वारा सम्पूर्ण देश में आपातकाल लगाया गया था। इसके 50 वर्ष पूर्ण होने पर आज संविधान हत्या दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 1975 के आपातकाल दौरान के बारे में जानकारी दिया गया। यादव सभाकक्ष में आयोजित परिचर्चा में मुख्य अतिथि सतीश लटिया ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां संविधान सर्वोपरि है उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 1975 में तत्कालीन सरकार द्वारा देशवासियों पर अचानक थोपे गए आपातकाल के काले सच की सभी को जानकारी होना बेहद जरूरी है। 25 जून वह दिन है, जब लोकतंत्र के मूल्यों की हत्या हुई थी। सत्ता के लालच में इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए पूरे देश में इमरजेंसी लगा दी।उन्होंने जिले के मीसाबंदियों को श्रद्धांजलि देते हुए देश के संविधान का पालन एवं अनुसरण करने की बात कही,इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने भी 25 जून 1975 में लगाए गए आपातकाल पर आधारित परिचर्चा 'संविधान की हत्या' विषय पर अपने-अपने विचार प्रकट किए। अंत में सभा समाप्ति की घोषणा मंडल उपाध्यक्ष सरिता जोशी के द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना, मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी, राजीव श्रीवास, योगेश सोनवानी, सरिता जोशी मंडल उपाध्यक्ष भानु प्रतापपुर, मंडल कोषाध्यक्ष जीवराखन सलाम, मीडिया प्रभारी संतोष बाजपेयी, रामेश तिवारी, राजिंदर रंधावा, ज्वाला प्रसाद जैन, अभय पांडे, अरविंद जैन, रामचन्द्र चक्र,जुगल किशोर शर्मा , संकेत नशीने,उर्मिला जसूजा कुंदन साहू, हरि यादव, सुरेश प्रजापति, अनीश मिश्रा एवं भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## माहुद में मना शाला प्रवेशोत्सव बच्चों का मिठाई खिलाकर स्वागत

**चारामा।** विकासखण्ड चारामा के ग्राम माहुद के माशा, प्राशा एवं प्राशा आवासपारा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शाला प्रवेशोत्सव में नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का चंदन वंदन व गुलदस्ता देकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया तथा अतिथियों के द्वारा शाला गणवेश प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को नियमित रूप से शाला आने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माहुद सरपंच बालकृष्ण सलाम, उप सरपंच निरंजन कतलाम एवं समस्त ग्रामपंच पुनीत राम कोसरिया, भूपेश सिंहसार, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सावित्री खड़हा, कलिना ध्रुव, रजनी सिंहसार एवं पालकगण, संकुल समन्वयक एसके देवांगन, ईश्वर कोशरिया, अरुण सिन्हा, महेंद्र जैन, ज्योति ऊके, शर्मिला ठाकुर, प्रधानपाठक पुरुषोत्तम उइके उपस्थित रहे।

## खाद बीज की समस्या को लेकर आज एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



**दुर्गूकोंदल।** ब्लॉक काँग्रेस कमेटी दुर्गूकोंदल के तत्वाधान में किसानों की समस्या को देखते हुए आज 27 जून को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दोपहर 1 बजे से किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शोपसिह आचला एवं जनपद अध्यक्ष गोपी बढाई ने तहसीलदार को एक दिवसीय धरना के लिए ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया है कि आज प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद किसानों को खाद बीज किल्लत समस्या से जुझ रहे है, जिसका परिणाम किसानों को ही भुगतना पड़ेगा। इस प्रकार आदित्य जाति सहकारी समिति मे खाद बीज उपलब्ध नही है, जिसे देखते हुए ब्लॉक काँग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल की ओर से किसानों की समस्या को देखते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाना है किसानो की समस्या को हल करने की मांग किया जाना है, जिसके तात्वधान में यह धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। ज्ञापन सौंपने वाले में सोमदेव कोरेटी, नरेंद्र जैन, सियाराम दर्रो, जोहन जैन उपस्थित रहे।

## नवप्रवेशी छात्रों को नई शिक्षा नीति से जोड़ने के लिए मनाया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल के अंतिम छोर बसे ग्राम पंचायत लोहत्तर के शाउमावि में कक्षा पहली, छठवी, नवमी एवं ग्यारहवीं के नव प्रवेशी छात्रों एवं बच्चों को प्रोत्साहित कर और नई शिक्षा नीति से जोड़ने के लिए प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास राजु नायक ने कहा कि प्रवेशोत्सव के बारे में सबने कहा, लेकिन हमें शाला से जुड़े कुछ विशेष बातों को ध्यानाकर्षण करें तो किसी भी चीज को सीखना एक उपहार है। जब यह कठिन हो तब भी आगे बढ़ते रहें, शिक्षा हम सबको अवसर प्रदान करती है। शिक्षक और माता-पिता यात्रा का हिस्सा हैं और हर दिन सीखने का चुनाव करें आप हम सब सक्षम हैं। लोहत्तर सरपंच बसंती भालेश्वर ने कहा कि हम सभी के साथ शिक्षकों को पालकों का सहयोग एवं पालकों को इन बच्चों की आगे की पढ़ाई के लिए समझाइश दी जाएगी। उन्हें बताया जाएगा कि असफल होने के बाद भी लगातार प्रयास से अच्छा भविष्य तैयार किया जा सकता है। इसी दिन शाला प्रबंधन और विकास समिति की बैठक भी होगी। बैठक में नये शैक्षणिक सत्र में ऐसे बच्चों पर विशेष रूप से चर्चा की जायेगी, जिनका शालाओं में नामांकन नहीं हो पाया है। समिति के सदस्य अपने विद्यालयों में शत-प्रतिशत बच्चों के नामांकन की कोशिश करेंगे और वार्षिक कार्य-योजना बनाकर उसके क्रियान्वयन पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम मे संतो दुग्गा, मेहत्तर दीवान, पुरुषोत्तम देहारी, कंवल दीवान, सुचिता पुरामे, राजकुमार उसेंडी, सतीश जैन, गोविन्द दीवान, नरेंद्र तारम, राधेलाल तोप्पा, गायत्री दीवान, ग्रामीण लीलाप्रसाद कुलदीप, ररामाधार देहारी, मनोज उसेंडी, घनश्याम मरकाम, अजित कोमरा, दिनेश ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग आज

**कांकेर।** जिले के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने एवं रोजगार व स्व-रोजगार से जोड़ने लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर में 30-30 सीटों में सोलर तकनीशियन एवं सुरक्षा गार्ड कोर्स में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। लाइवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए 27 जून को प्रातः 10 बजे से शाम 04 बजे तक काउंसिलिंग का आयोजन किया गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## धरती आबा अभियान के अंतर्गत लेडारा के जनसेवा शिविर में ग्रामीणों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



छत्तीसगढ़ शासन की महत्त्वाकांक्षी योजना धरती आबा अभियान के तहत नरहरपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत लेडारा में गुरुवार को एक विशाल बहुविभागीय जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर केवल योजनाओं के लाभ वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शासन और समाज के बीच संवाद और सहभागिता का मजबूत माध्यम बना।

आयोजित शिविर में लेडारा, रावस, कुम्हानखार, शिंगनापुर, डावखार, मुड़पार, साल्हेभाट और सरांडा सहित कुल आठ गांवों के ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं और आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से 1 आवेदन प्राप्त हुआ, जिसे मौके पर ही निराकृत किया गया। खाद्य विभाग से 10 आवेदन प्राप्त हुए, लेकिन किसी का भी निराकरण नहीं किया जा सका। वन विभाग से 15 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें एक ही दिन में निपटाना संभव नहीं हो पाया। जल संसाधन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग से 2-2 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका तत्काल निराकरण किया गया। पशुपालन विभाग से 1 आवेदन प्राप्त हुआ, जिसका समाधान किया गया। राजस्व विभाग से सर्वाधिक 26 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें मौके पर ही निराकृत किया गया। मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग, विद्युत विभाग और आधार पंजीयन विभाग की अनुपस्थिति से ग्रामीणों को काफी निराशा का सामना करना पड़ा। इन विभागों की जरूरत अधिक होने के बावजूद उनके प्रतिनिधि शिविर में उपस्थित नहीं हुए, जिससे कई ग्रामीण अपने जरूरी कामों के लिए भटकते रहे। शिविर में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच मनुराम शोरी, विशिष्ट अतिथियों में सोहेंन्द्र कुंजाम, रूकदेव यादव, राम नेताम, गंगाराम शोरी, शंकर शोरी, शिवलाल मंडावी, नरेन्द्रि नेताम, उर्मिला कुंजाम, सविता मंडावी, संतोष निषाद, कपिल यादव, हीरा नेताम, अनिरुद्ध जैन, पुरुषोत्तम शोनवंसी, काने सिंह नेताम और नोडल अधिकारी धर्मराज दारों उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक 1155 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**कांकेर।** जिले में 01 जून से अब तक कुल 1155 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा बांदे तहसील में 271.9 मिलीमीटर तथा सबसे कम कांकेर तहसील में 31.0 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411